(30)

पंजीकृत

पत्रसं0—स्था—(5क)/पू0म0क0/चरि0पंजि0/सामा0 पत्रा0/2020—21/924/वाणिज्य कर

कार्यालय कमिश्नर वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश,
(स्थापना अराज0अनुभाग)
लखनऊ दिनांक 17 जून 2021

कार्यालय ज्ञाप

शासनादेश संख्या—520/11—3—2018—103/2017 दिनांक 24.04.2018 के प्रस्तर—4 के अनुसार "मनोरंजन कर विभाग के अधिकारियों/कर्मचारियों का वाणिज्य कर विभाग में संविलियन की अधिसूचना जारी होने की तिथि से मनोरंजन कर विभाग समाप्त किया जाता है। इसमें तैनात समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी वाणिज्य कर विभाग के पर्यवेक्षण व नियंत्रण में कार्यरत होंगे, जिन अधिकारियों/कर्मचारियों के नियुक्ति प्राधिकारी आयुक्त, मनोरंजन कर हैं, उनके नियुक्ति प्राधिकारी आयुक्त अथवा अपर आयुक्त, वाणिज्य कर, जैसी भी स्थिति वाणिज्य कर विभाग में समकक्ष कार्मिकों की हो, होंगे। समूह—घ के कार्मिकों के नियुक्ति अधिकारी वाणिज्य कर विभाग के समूह-घ के नियुक्ति अधिकारी होंगे।"

उक्त के अनुपालन में वार्षिक प्रविष्टि हेतु पूर्व में निर्गत कार्यालय ज्ञाप संख्या—4114/अधि0—1/2014—15 लखनऊ दिनांक 12.03.2015 को एतद्द्वारा निरस्त करते हुये शासनादेश संख्या—36/1/1976—का—2 दिनांक 30.10.1986 में विहित व्यवस्थानुसार, वाणिज्य कर विभाग में कार्यरत समूह—ग एवं घ के कार्मिकों की भांति, पूर्व मनोरंजन कर विभाग के समूह—ग एवं घ के कार्मिकों की वार्षिक प्रविष्टि प्रदान किये जाने हेतु निम्नानुसार व्यवस्था निर्धारित की जाती है:—

कमांक	कर्मचारी का पदनाम	प्रतिवेदक अधिकारी	स्वीकर्ता अधिकारी
1	वाणिज्य कर निरीक्षक, समूह—ग (जनपदों में तैनात)	सम्बन्धित अधिकारी, (जिसके साथ कर्मचारी कार्यरत रहा हो)	कार्यालयाध्यक्ष अथवा एक उच्च स्तर का सक्षम अधिकारी
2	वाणिज्य कर निरीक्षक, समूह—ग (मुख्यालय में तैनात)	सम्बन्धित अधिकारी (जिसके साथ कर्मचारी कार्यरत रहा हो)	एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
3	लिपिक/आशुलिपिक/उर्दू अनुवादक—समूह—ग (जनपदों में तैनात)	सम्बन्धित अधिकारी, (जिसके साथ कर्मचारी कार्यरत रहा हो)	कार्यालयाध्यक्ष अथवा एक उच्च स्तर का सक्षम अधिकारी
4	लिपिक/आशुलिपिक/उर्दू अनुवादक—समूह—ग (मुख्यालय में तैनात)	सम्बन्धित अधिकारी, (जिसके साथ कर्मचारी कार्यरत रहा हो)	एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर
5	वाहन चालक समूह—ग (जनपदों में तैनात)	सम्बन्धित अधिकारी, (जिसके साथ कर्मचारी कार्यरत रहा हो)	कार्यालयाध्यक्ष अथवा एक उच्च स्तर का सक्षम अधिकारी
6	वाहन चालक समूह—ग (मुख्यालय में तैनात)	सम्बन्धित अधिकारी, (जिसके साथ कर्मचारी कार्यरत रहा हो)	एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन) वाणिज्य कर

उपरोक्त के अतिरिक्त चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों के संबंध में पूर्व में निर्धारित व्यवस्था यथावत रहेगी।

ह0/—
(सूर्यमणि लालचंद)
एडीशनल कमिश्नर (प्रशासन)
वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

21-6-21

720

पृष्ठांकन संख्या   /(1)/तद्दिनांकित।

प्रतिलिपिः—निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः—

1--अपर निदेशक (प्रशिक्षण) वाणिज्य कर अधिकारी प्रशिक्षण संस्थान, गोमती नगर लखनऊ।

2--समस्त जोनल एडीशनल कमिश्नर।

3--समस्त एडीशनल कमिश्नर ग्रेड--2 वाणिज्य कर उत्तर प्रदेश।

4--समस्त ज्वाइंट कमिश्नर,/डिप्टी कमिश्नर/असिस्टेन्ट कमिश्नर/वाणिज्य कर अधिकारी, वाणिज्य कर/मनोरंजन कर उत्तर प्रदेश।

5--आई0टी0 अनुभाग को इस आशय से प्रेषित कि पत्र विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने का कष्ट करें।

ज्वाइंट कमिश्नर (स्था0अराज0) वाणिज्य कर,
मुख्यालय, लखनऊ।

D:\Ramkhelawan\ganral.doc